बिहार में लम्बित पड़ी परियोजनाएं

2779. **श्री राम अवधेश सिंह:** क्या **योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बिहार में कितनी योजनाओं को अभी तक कार्यान्वित नहीं किया गया है और कितनी योजनाओं को आंशिक रूप से कार्यान्वित किया गया है; और

(ख) प्रत्येक परियोजना के लिए आवंटित धनराशि के साथ-साथ इन परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री हंसराज भारद्वाज): (क) और (ख) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

बिहार में लम्बित केन्द्रीय परियोजनाएं

2780. **श्री राम अवधेश सिंह:** क्या **योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बिहार में ऐसी केन्द्रीय परियोजनाओं का क्षेत्रवार ब्यौरा क्या है जो लम्बित या अपूर्ण हैं;

(ख) आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान कितनी परियोजनाओं को पूरा किया जायेगा और लम्बित परियोजनाओं को पूरा करने में कौन-कौन सी बाधाएं पेश आ रहीं हैं;

(ग) क्या यह सच है कि इससे राज्य का आर्थिक विकास प्रभावित हुआ है; और

(घ) क्या सरकार ऐसी परियोजनाओं को पूरा करने का विचार रखती है?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्यवन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री हंसराज भारद्वाज): (क) 1 जनवरी, 1992 को कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग की प्रबोधन प्रणाली के अनुसार, प्रत्येक 20 करोड रुपये और उससे अधिक लागत वाली निम्नलिखित केन्द्रीय परियोजनाएं, बिहार राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यान्वयनाधीन रहीं:-

i	परमाणु ऊर्जा	1
ii	कोयला	16
iii	इस्पात	1
iv	पेट्रोलियम	1
v	विद्युत	4
vi	रेलवे	5
	कुल:	28

उपर्युक्त सूची में अन्तर्राज्यीय परियोजनाएं, जो राज्य में से गुजराती हैं, जैसे संचरण लाइन, रेलवे लाइन आदि शामिल नहीं है।

(ख) आठवीं पंचवर्षीय योजना को अन्तिम रूप नहीं दिया गया है। फिर भी वर्ष 1996-97 के अंत तक उपर्युक्त परियोजनाओं में से 23 के पूरा होने की प्रत्याशा है। 4 परियोजनाओं के संबंध में समापन की प्रत्याशित तारीख सुनिश्चित नहीं है। शेष 1 परियोजना को वर्ष 1996-97 के बाद पूरा होने की प्रत्याशा है विलम्बित परियोजनाओं के पूरा करने में जो बाधाएं हैं उनमें अन्य बातों के साथ-साथ भूमि अधिग्रहण समस्या, कानून और व्यवस्था समस्या, निधि अभाव, कठिन भौमिकी ठेका अवार्ड में विलम्ब, उपस्कर आपूर्ति में विलंम्ब आदि भी शामिल हैं।

(ग) परियोजनाओं के समापन में विलम्ब से साधारणतया: आर्थिक विकास प्रभावित होता है। बिहार राज्य में विलम्बित परियोजनाओं के मामले में यह सच्चाई भी हो सकती है।

(घ) जी, हां।

Escalation in the cost of public sector projects

2781. SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA: Will the Minister of PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION be pleased to state:

(a) What is the number of the public sector projects in various sectors of economy like power, coal, surface transport, and railways (in each sector) which are under various stages of completion;

(b) What is the percentage of rise in the cost of these projects as on July 1, 1991 and as on date as against the originally estimated cost because of delay in their completion;

(c) What is the estimated accumulated additional expenditure likely to be incurred on these public sector projects as against the original estimate; and

(d) Whether any time bound programme has been formulated to execute these projects according to the present completion schedule to avoid further loss to the exchequer?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PLANNING AND